# डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही

## रोवर्स-रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर
## 2025-26

## आख्या

1

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुख़र्जी राजकीय महाविद्यालय, भदोही

## रोवर्स रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

दिनांक 16/02/2026 से 20/02/2026

### उद्घाटन सत्र

**मुख्य अतिथि**

प्रो. सुधा पाण्डेय

प्राचार्या, प. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय,
सेवापुरी, वाराणसी |

### दीक्षा कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण

**मुख्य अतिथि**

प्रो. कमाल अहमद सिद्दीकी

प्रोफेसर (सेवानिवृत्त), काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
ज्ञानपुर, भदोही

डॉ. ऋत्विक रंजन सिंह,
रेंजर्स प्रभारी
रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
भदोही-221401

डॉ. अनीश कुमार मिश्र
रोवर्स प्रभारी
रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
भदोही-221401

प्रो. माया
संरक्षक/प्राचार्या
प्राचार्य
डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी
राजकीय महाविद्यालय, भदोही

# कार्य योजना

| दिवस | गतिविधि |
| --- | --- |
| 16 फरवरी 2026 | 1. पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन<br>2. रोवर्स-रेंजर्स के इतिहास, महत्व, नियम आदि से परिचय कराना<br>3. विद्यार्थियों को विभिन्न टोलियों में बांटना और नामांकन करना<br>4. ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम इत्यादि के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की बोलियों, सीटी की आवाजें को निकालने और उनमें छिपे संदेश को पहचानने का प्रशिक्षण देना |
| 17 फरवरी 2026 | 1. प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, झंडा गीत का गायन,<br>2. प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने का प्रशिक्षण और प्राथमिक चिकित्सा किट में शामिल होने वाली दवाओं और आवश्यक उपकरणों से परिचय करना<br>3. गांठ-फांस बंधन, टेंट और पुल बनाने, दुर्गम पहाड़ी व कठिन इलाकों में खोज चिन्ह बनाने और उन्हें पहचानने का प्रशिक्षण देना<br>4. बीपी सिक्स व्यायाम और मार्च पास्ट का प्रशिक्षण<br>5. कैंप फायर और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन |
| 18 फरवरी 2026 | 1. प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, झंडा गीत का गायन,<br>2. हायकिंग, ट्रैकिंग और प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार विधियों का प्रशिक्षण<br>3. योगासन का प्रशिक्षण,<br>4. हायकिंग, ट्रैकिंग और रस्सी के साथ-साथ अन्य प्राकृतिक वस्तुओं के प्रयोग के समुचित प्रयोग का प्रशिक्षण<br>5. प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार प्रदान करने की विभिन्न विधियों का प्रशिक्षण<br>6. कैंप फायर और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन |
| 19 फरवरी 2026 | 1. प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, झंडा गीत का गायन<br>2. टेंट, पुल निर्माण और कैंपिंग के साथ-साथ खाना बनाने की विधियों का प्रशिक्षण<br>3. कैंप फायर और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन |
| 20 फरवरी 2026 | 1. प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, झंडा गीत और स्वागत गीत का गायन<br>2. विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम<br>3. समापन सत्र का आयोजन<br>4. दीक्षा कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण |

# आख्या

## प्रथम दिन 16 फरवरी 2026

## रोवर्स-रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

दिनांक 16 फरवरी 2026 को रोवर्स-रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. सुधा पांडेय, प्राचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेवापुरी वाराणसी और प्राचार्य डॉ माया के संयुक्त कर कमलों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया । मुख्य अतिथि ने स्काउट झंडा का आरोहण कर ध्वजाचार संपन्न कराया । उन्होंने रोवर्स और रेंजर्स को एक दूसरे का सहयोग करने, स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक और मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करने, सकारात्मक विचार और कर्म करने, तथा देश और समाज की उन्नति के लिए अनुशासित रहकर अपने कर्म करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ माया ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर तथा रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षकों द्वारा कैप, स्कार्फ और वागल लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि रोवर्स और रेंजर्स के कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास और कम संसाधनों में जीवन जीने की कला सिखाती है। प्रशिक्षण के दौरान सिखाए जाने वाले कौशल मन लगाकर सीखे जाने चाहिए। रोवर्स प्रभारी डॉ अनीश कुमार मिश्र ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण की कार्य योजना प्रस्तुत की और बताया कि वर्तमान में रोवर्स और रेंजर्स दल जनपदीय प्रतियोगिताओं के विजेता है। प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड से आए हुए श्री नागेश प्रजापति और ऋतुराज प्रदान करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन पूर्व रोवर्स प्रभारी डॉ  रुस्तम अली ने और धन्यवाद ज्ञापन रेंजर्स प्रभारी डॉ ऋत्विक रंजन सिंह ने दिया। शिविर के प्रथम दिन रोवर्स-रेंजर्स के इतिहास, महत्व और नियमों से परिचित कराकर विद्यार्थियों को विभिन्न टोलियों में बांटकर नामांकन

कार्य किया गया तथा ध्वज शिष्टाचार, प्रार्थना, झंडा गीत, नियम आदि के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की बोलियों, सीटी की आवाजों को निकालने तथा उनमें छिपी संदेश को पहचानने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य शास्ता डॉ राजकुमार सिंह यादव कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंकिता तिवारी क्रीड़ा प्रभारी श्री बृजेश कुमार डॉ विनोद कुमार भारती डॉ शिखा तिवारी सुश्री पूनम द्विवेदी डॉ अमर कृष्ण यादव आशीष जायसवाल डॉ अमित तिवारी आदि प्राध्यापकों के साथ-साथ कर्मचारी अजीत चंद्र आशीष यादव देवव्रत मिश्र धर्मेंद्र राज यादव आदि उपस्थित रहे।













बहुददेशीय मंच
उद्घाटन सत्र
vivo V50 | ZEISS
30mm f/1.88 1/689s ISO50
02/16/2026, 12:59


पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर
उद्घाटन सत्र
प्रो. सुधा पाण्डेय
डा० अनीश कुमार मिश्र
रोवर्स प्रभारी
vivo V50 | ZEISS
27mm f/1.88 1/104s ISO50
02/16/2026, 12:51


डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
vivo V50 | ZEISS
30mm f/1.88 1/3100s ISO50
02/16/2026, 13:00


रेंजर्स टीम
vivo V50 | ZEISS
51mm f/1.88 1/1072s ISO50
02/16/2026, 13:00


vivo V50 | ZEISS
27mm f/1.88 1/733s ISO50
02/16/2026, 12:53


पाँच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर
vivo V50 | ZEISS
54mm f/1.88 1/361s ISO50
02/16/2026, 12:40


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
vivo V50
40mm f/1.88 1/898s ISO50
02/16/2026, 12:26


मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
vivo V50
33mm f/1.88 1/3500s ISO50
02/16/2026, 12:26


उद्घाटन सत्र
प्रो. सुधा पाण्डेय
डा० अनीश कुमार मिश्र
vivo V50
31mm f/1.88 1/136s ISO50
02/16/2026, 12:39


उद्घाटन सत्र
ऋत्विक रंजन सिंह
रेंजर्स प्रभारी
डा० अनीश कुमार मिश्र
रोवर्स प्रभारी
vivo V50
32mm f/1.88 1/383s ISO50
02/16/2026, 12:41


उद्घाटन सत्र
प्रो. सुधा पाण्डेय
vivo V50
27mm f/1.88 1/390s ISO50
02/16/2026, 12:43


vivo V50
27mm f/1.88 1/392s ISO50
02/16/2026, 12:32

# देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें विद्यार्थी

- महाविद्यालय में पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ
- उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षक करेंगे प्रशिक्षित

**जागरण संवाददाता, भदोही :** डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में सोमवार से पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेवापुरी (वाराणसी) की प्राचार्य प्रो. सुधा पांडेय व डा.माया ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने स्काउट झंडे का ध्वजारोहण कराया।

उन्होंने रोवर्स-रेंजर्स को एक दूसरे का सहयोग करने, स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक भोजन लेने, सकारात्मक विचार रखने व कर्म करने के साथ देश व समाज के प्रति जिम्मेदारियों को समझने का गुरुमंत्र दिया। इससे पहले महाविद्यालय की प्राचार्य डा. माया ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से एक तरफ जहां व्यक्तित्व विकास होता है वहीं दूसरी तरफ सीमित संसाधनों के बावजूद जीवन बिताने की कला सीखने को मिलती है। इससे पहले रोवर्स प्रभारी डा. अनीश कुमार मिश्र ने पांच दिवसीय शिविर की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। बताया कि वर्तमान समय रोवर्स व रेंजर्स दल जनपदीय प्रतियोगिता की विजेता टीम है। बताया कि पांच दिवसीय शिविर के दौरान उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड से आए नागेश प्रजापति व ऋतुराज द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डा. रुस्तम अली ने किया। प्रशिक्षक द्वय द्वारा रोवर्स रेंजर्स के इतिहास, महत्व व नियमों से परिचित कराते हुए छात्रों को विभिन्न टोलियों में बांटकर नामांकन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण व कर्मचारी उपस्थित थे।



एसपीएम महाविद्यालय में प्रारंभ पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान रोवर्स व रेंजर्स को नियमों का पाठ पढ़ाते प्रशिक्षक ● जागरण



शिविर के शुभारंभ पर लोगों को संबोधित करती मुख्य अतिथि प्रो. सुधा पांडेय

# महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**भदोही।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. सुधा पांडेय, प्राचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. माया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर स्काउट ध्वज आरोहण कर ध्वजाचार संपन्न कराया गया।

मुख्य अतिथि ने रोवर्स-रेंजर्स को अनुशासन, सहयोग, सकारात्मक सोच और समाज सेवा की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. माया ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास और सीमित संसाधनों में जीवन कौशल सिखाता है। रोवर्स प्रभारी डॉ. अनीश कुमार मिश्र ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि दल जनपदीय प्रतियोगिताओं का विजेता रहा है। प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश स्काउट गाइड के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। प्रथम दिन विद्यार्थियों को रोवर्स-रेंजर्स के इतिहास, नियमों, ध्वज शिष्टाचार एवं विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय











## द्वितीय दिन (17 फरवरी 2026)

रोवर्स-रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरा दिन प्रार्थना ध्वज शिष्टाचार झंडा गीत गायन और श्रमदान के साथ प्रारंभ हुआ। रोवर्स प्रभारी डॉ अनीश कुमार मिश्र ने बताया कि रोवर्स और रेंजर्स ने आज प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया और प्राथमिक चिकित्सा किट में शामिल होने वाली दवाओं एवं आवश्यक उपकरणों से परिचय प्राप्त किया । प्रशिक्षक नागेश्वर प्रजापति ने प्राथमिक सहायता के अंतर्गत डूबते हुए व्यक्ति को बचाने, आग में झुलसे व्यक्ति को बचाने, दुर्घटनाग्रस्त रोगी को प्राथमिक उपचार देने पर प्रकाश डाला और सीपीआई देने की विधि तथा हड्डी टूटने पर किया जाने वाला प्राथमिक उपचार का अभ्यास करवाया। प्रशिक्षक ऋतुराज ने गांठ-फांस बंधन, टेंट और पुल बनाने, दुर्गम पहाड़ी एवं कठिन इलाकों में खोज चिन्ह बनाने और उन्हें पहचानने का प्रशिक्षण प्रदान किया । रेंजर्स प्रभारी डॉ ऋत्विक रंजन सिंह ने बताया कि बीपी सिक्स व्यायाम और मार्च पास्ट का प्रशिक्षण भी छात्र-छात्राओं ने प्राप्त किया और कैंप फायर के दौरान किए जाने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों यथा लोक नृत्य, गीत गायन, नुक्कड़ नाटक इत्यादि का अभ्यास भी किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ राजकुमार सिंह यादव ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षणों से अनुशासन की सीख मिलती है और समर्पण का भाव जागृत होता है। विद्यार्थी विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने के गुण सीखते हैं तथा उन्हें अपने अंदर छिपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने का एक सुंदर अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी रोवर्स और रेंजर्स का उत्साह वर्धन किया।










# हिन्दुस्त

## दवाओं और जरूरी उपकरणों के बारे में दी गई जानकारी

**भदोही, संवाददाता।** शहर के रामरायपुर स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का कार्यक्रम हुआ।

रोवर्स प्रभारी डा. अनीश कुमार मिश्र ने बताया कि रोवर्स और रेंजर्स ने प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राथमिक चिकित्सा किट में शामिल होने वाली दवाओं एवं आवश्यक उपकरणों से परिचय प्राप्त कराया। प्रशिक्षक नागेश्वर प्रजापति ने प्राथमिक सहायता के अंतर्गत डूबते हुए व्यक्ति को बचाने, आग में झुलसे व्यक्ति को बचाने, दुर्घटनाग्रस्त रोगी को प्राथमिक उपचार देने पर प्रकाश डाला और सीपीआई देने की विधि तथा हड्डी टूटने पर किया जाने वाला प्राथमिक उपचार का अभ्यास करवाया।





## प्रशिक्षण शिविर में प्राथमिक उपचार का कराया गया अभ्यास

**जागरण संवाददाता, भदोही:** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में चल रहे रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रार्थना ध्वज, शिष्टाचार, झंडा गीत गायन व श्रमदान के साथ हुआ। रोवर्स प्रभारी डा. अनीश कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने का प्रशिक्षण देते हुए प्राथमिक चिकित्सा किट में शामिल होने वाली दवाओं एवं आवश्यक उपकरणों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक नागेश्वर प्रजापति ने प्राथमिक सहायता के अंतर्गत डूबते हुए व्यक्ति को बचाने, आग में झुलसे व्यक्ति को बचाने, दुर्घटनाग्रस्त रोगी को प्राथमिक उपचार देने पर प्रकाश डाला और सीपीआर देने की विधि व हड्डी टूटने पर प्राथमिक उपचार का अभ्यास करवाया। डा. ऋत्विक रंजन सिंह ने बताया कि बीपी सिक्स व्यायाम व मार्च पास्ट का प्रशिक्षण भी छात्र-छात्राओं ने प्राप्त किया और कैंप फायर के दौरान किए जाने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा लोक नृत्य, गीत गायन, नुक्कड़ नाटक का अभ्यास किया।

# तृतीय दिन (18 फरवरी 2026)

रोवर्स-रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन प्रार्थना, ध्वज शिष्टाचार, झंडा गीत गायन और श्रमदान के साथ प्रारंभ हुआ । रोवर्स प्रभारी डॉ अनीश कुमार मिश्र ने बताया कि आज रस्सी के साथ-साथ अन्य प्राकृतिक वस्तुओं के समुचित प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया तथा टेंट और कैंपिंग के साथ-साथ खाना बनाने की विधियों के बारे में बताया गया। रोवर्स और रेंजर्स की विभिन्न टोलियों ने कम संसाधनों में स्वादिष्ट खाना ईंट के चूल्हे पर बनाया तथा स्थानीय सामग्रियों का प्रयोग कर टेंट निर्माण किया। शिविर का निरीक्षण जिला स्काउट आयुक्त श्री चंद्रेश राय, प्रभारी प्राचार्य डॉ रुस्तम अली, क्रीड़ा प्रभारी श्री बृजेश कुमार द्वारा किया गया। श्री चंद्रेश राय ने रोवर्स और रेंजर्स को बेहतर प्रदर्शन करने और व्यक्तित्व विकास के लिए टिप्स प्रदान किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ रुस्तम अली ने बताया कि रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण में सिखाई जाने वाले कौशल और दक्षता का उम्र कम आती है और जीवन में कई कठिनाइयों का निदान हो जाता है। आपसी भाईचारा, प्रेम, आदि जीवन मूल्य सीखते हैं। श्री बृजेश कुमार ने अनुशासन, मेहनत, कम संसाधनों में जीवन जीने, दल में काम करने का कौशल स्काउट के माध्यम से हम सीखते है। ऐसे शिविर में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रतिभाग करना चाहिए। धन्यवाद ज्ञापन रेंजर्स प्रभारी डॉ ऋतिक रंजन सिंह ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंकिता तिवारी, आशीष जायसवाल, सुश्री पूनम द्विवेदी, डॉ अमित तिवारी, डॉ अमर कृष्ण यादव आदि प्राध्यापकों ने भी रोवर्स और रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया ।



# जीवन में सफलता के लिए कौशल व दक्षता बेहद जरूरी : अनीश मिश्र



रोवर्स रेंजर्स शिविर का निरीक्षण करते जिला स्काउट आयुक्त चंद्रेश राय व प्राध्यापक • जागरण

- राजकीय महाविद्यालय में चल रहे साप्ताहिक शिविर का तीसरा दिन
- स्वयंसेवकों को प्राकृतिक वस्तुओं के उपयोग के लिए दिया प्रशिक्षण

**जागरण संवाददाता, भदोही :** डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से चल रहे सात दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ प्रार्थना ध्वज शिष्टाचार, झंडा गीत गायन श्रमदान के साथ हुआ। इसके बाद प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग कर जटिल समस्याओं के समाधान का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा टेंट लगाकर खाना बनाने की विधि, कम संसाधनों में स्वादिष्ट खाना तैयार करने की विधि बताई गई। रस्सी के माध्यम से पुल बनाने, पानी में रास्ता बनाने के साथ रोवर्स-रेंजर्स ने विभिन्न विधियों का प्रशिक्षण लेकर न सिर्फ टेंट तैयार किया बल्कि स्वादिष्ट भोजन बनाकर सराहना के पात्र बने।

प्रभारी प्राचार्य डा. रुस्तम अली, खेल प्रभारी बृजेश कुमार व रोवर्स प्रभारी डा. अनीश मिश्र के साथ जिला स्काउट आयुक्त चंद्रेश राय ने शिविर का निरीक्षण किया। रोवर्स व रेंजर्स से विभिन्न बिंदुओं पर सवाल पूछने के साथ उन्हें व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की। कहा कि इस तरह के शिविर का उद्देश्य यही है कि विषम परिस्थितियों में भी हम अपनी आवश्यकताओं को आसानी से पूरी कर सकें।

इसी तरह प्रभारी प्राचार्य डा. रुस्तम अली ने स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिविर में दिए जाने वाले प्रशिक्षण, कौशल व दक्षता जीवन में बेहद उपयोगी साबित होती है। इससे हमारे जीवन की कठिनाइयों से लड़ने की क्षमता विकसित होती है। रेंजर्स प्रभारी ऋत्विक रंजन सिंह ने आभार जताया। कार्यक्रम अधिकारी डा. अंकिता तिवारी, आशीष जायसवाल, पूनम द्विवेदी, डा. अमित तिवारी, डा. अमर कृष्ण यादव आदि थे।





# शिविर में खाना बनाने की विधि बताई



डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में प्रशिक्षण में शामिल शिविरार्थी।

**भदोही, संवाददाता।** शहर के रामरायपुर स्थित डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। बुधवार को तीसरे दिन जंगल में भोजन बनाने, टेंट, पुल निर्माण, नदियों को पार करने आदि के बारे में शिविरार्थियों को बताया गया।

रोवर्स प्रभारी डा. अनीश कुमार मिश्र ने बताया कि रस्सी के साथ-साथ अन्य प्राकृतिक वस्तुओं के समुचित प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। टेंट और कैंपिंग के साथ-साथ खाना बनाने की विधियों के बारे में जानकारी दी गई। विभिन्न टोलियों ने कम संसाधनों में स्वादिष्ट खाना ईंट के चूल्हे पर बनाया ... टेंट निर्माण किया। शिविर का निरीक्षण जिला स्काउट आयुक्त चंद्रेश राय, प्रभारी प्राचार्य डा. रुस्तम अली, क्रीड़ा प्रभारी बृजेश कुमार ने किया। चंद्रेश राय ने रोवर्स और रेंजर्स को बेहतर ... प्राचार्य ने बताया कि रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण में सिखाई जाने वाले कौशल और दक्षता उम्र भर काम आते हैं। जीवन में कई कठिनाइयों का निदान हो जाता है। आपसी भाईचारा, प्रेम, आदि

# चतुर्थ दिन (19 फरवरी 2026)

रोवर्स-रेंजर्स पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन हाइकिंग, ट्रैकिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार के साथ-साथ योगासन का प्रशिक्षण दिया गया । प्राचार्य डॉ माया ने विद्यार्थियों को अनुशासन और व्यक्तित्व विकास के लिए इस प्रशिक्षण में सिखाए जा रहे सभी कौशलों में दक्ष होने के लिए प्रेरित किया ।उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास करने से शरीर और मन स्वस्थ रहते हैं। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही हम अपने कर्तव्यों को समुचित रूप से पूर्ण कर समाज और देश का विकास कर सकते हैं । रोवर्स और रेंजर्स आपदा के समय पुनर्निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य शास्ता डॉ राजकुमार सिंह यादव ने प्रशिक्षण के पूर्ण होने के उपरांत भी शिविर में दिए गए ज्ञान और अनुभव को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रोवर्स और रेंजर्स से लक्ष्य बनाकर नियमित अभ्यास करने और मेहनत करने पर बल दिया। रोवर्स प्रभारी डॉ अनीश कुमार मिश्र के नेतृत्व में रोवर्स ने मनमोहक झांकियां और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। रेंजर्स प्रभारी डॉ ऋत्विक रंजन सिंह ने कैंपफायर के लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए रोवर्स और रेंजर्स को टिप्स बताए। प्रशिक्षक नागेश्वर प्रजापति और ऋतुराज हाइकिंग, ट्रैकिंग के साथ-साथ प्राथमिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ अंकिता तिवारी, सुश्री पूनम द्विवेदी, डॉ शिखा तिवारी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।









## पंचम दिन (20 फरवरी 2026)

## दीक्षा एवं शिविर का समापन

पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया । मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय, गैंसड़ी, बलरामपुर प्रो. कमाल अहमद सिद्दीकी ने शिविर के समापन की घोषणा की । प्राचार्य प्रो. माया ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया । स्वागत भाषण में शिविर में दिए गए प्रशिक्षण के कारण आए हुए सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया। सदैव सकारात्मक सोच के साथ अनुशासित रहकर लक्ष्य बनाकर और उसको प्राप्त करने के लिए दिन-रात एक करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने रोवर्स और रेंजर्स को स्वस्थ शरीर और मन के लिए योग अभ्यास के साथ-साथ तिरंगा भोजन - हरी सब्जियां, सफेद मूली, आटा, और केसरिया खाद्य सामग्री जैसे गाजर चुकंदर आदि का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। वातावरण हमारे मन को बहुत प्रभावित करता है इसके लिए प्रकृति - पेड़ पौधों, जीव-जंतु इत्यादि की भी सेवा करने का करनी चाहिए। नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, अन्य जीवन मूल्य का विकास करना चाहिए । ऐआई और इंटरनेट का इस्तेमाल कौशल दक्षता और ज्ञान के भंडार में वृद्धि करने के लिए करना चाहिए। मुख्य शास्ता डॉ राजकुमार सिंह यादव ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर अनुशासन, सेवा, त्याग और नेतृत्व की भावना को विकसित करता है। उन्होंने कठिनाइयों से घबराने के बजाय उनका साहसपूर्वक सामना करने तथा आत्मनिर्भरता और सकारात्मक सोच को जीवन का मूल मंत्र बताया। संचालन कर रहे रोवर्स प्रभारी डॉ अनीश कुमार मिश्र ने शिविर की आख्या प्रस्तुत की और धन्यवाद ज्ञापन रेंजर्स प्रभारी डॉ ऋत्विक रंजन सिंह ने दिया । शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टोलियों एवं रोवर्स-रेंजर्स मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया । नवागंतुक रोवर्स एवं रेंजर्स को दीक्षा और शपथ दिलाई गई। प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश स्काउट एंड गाइड से नागेश प्रजापति, ऋतुराज श्रीवास्तव एवं मुस्कान द्वारा दिया

गया। इस अवसर पर डॉ विनोद कुमार भारती डॉ शिखा तिवारी डॉ अंकिता तिवारी सुश्री पूनम द्विवेदी आदि प्राध्यापकों ने भी रोवर्स और रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया ।







## रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को मिला नेतृत्व व अनुशासन का संदेश



## दीक्षा के साथ शिविर का समापन



रोवर्स रेंजर्स शिविर के अंतिम दिन पुरस्कृत शिविरार्थी।

वालन हेयर ऑयल

## स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण जरूरी



## सकारात्मक सोच से प्राप्त करें लक्ष्य



डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को शिविरार्थी एवं गुरुजन।

## Social Media Links

1. https://youtu.be/EwS5OKcXuC8?si=Pgml0QIaqw9V4vst
2. https://youtube.com/shorts/JKZVfph9Y9E?si=4AcdURjXNRS5ksLS
3. https://youtu.be/A_9xOyks4v4?si=OitlCdfLuF68sDk0
4. https://youtube.com/shorts/gWbyxcu54sk?si=jCjbpRvnyElJV_pV
5. https://youtube.com/watch?v=8sJrRnUhXgg&feature=shared
6. https://www.facebook.com/photo?fbid=4196444137286107&set=pcb.4196444690619385
7. https://www.facebook.com/photo/?fbid=4201799263417261&set=pcb.4201799966750524
8. https://www.facebook.com/photo/?fbid=4201800806750440&set=pcb.4201801303417057
9. https://www.facebook.com/photo/?fbid=4201802150083639&set=pcb.4201802630083591
10. https://www.facebook.com/photo/?fbid=4201068010157053&set=pcb.4201068536823667

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. ऋत्विक रंजन सिंह, | डॉ. अनीश कुमार मिश्र | प्रो. माया |
| रेंजर्स प्रभारी | रोवर्स प्रभारी | संरक्षक/प्राचार्या |
| रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी | रोवर्स-रेंजर्स प्रभारी | प्राचार्य |
| डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी | डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी | डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी |
| राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय | राजकीय महाविद्यालय, भदोही |
| भदोही | भदोही-221401 | |